उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
पावर हाउस रोड,
जयपुर

स.740ई / आरआरसी / सीईएन आरआरसी 01 / 2019 / पीईटी

दिनांक–13.01.2023

सर्व सम्बन्धित

आवश्यक सूचना

विषयः– केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरआरसी 01 / 2019 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के क्रम में।

....

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरआरसी 01 / 2019 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक 16.01.2023 से 20.01.2023 तक ई–काल लेटर में दर्शाई गई तिथि, स्थान एवं समय पर किया जायेगा। दिनांक 16.01.2023 से 20.01.2023 तक पर्याप्त वैध कारण से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यार्थियों को दिनांक 21.01.2023 को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अन्तिम अवसर दिया जाएगा। दिनांक 21.01.2023 को पुरूष अभ्यार्थियों को रिर्पोटिंग करने का समय 07.00 बजे एवं महिला / ट्रांसजेन्डर अभ्यार्थियों को रिर्पोटिंग करने का समय 10.00 बजे है। इसके बाद उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों के विषय में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

सभी अभ्यार्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु शारीरिक एवं चिकित्सीय रूप से पूर्ण स्वस्थ है। किसी भी संशय की स्थिति में अभ्यार्थी द्वारा चिकित्सकीय सलाह लेना अपेक्षित है। रेलवे प्रशासन शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान किसी अभ्यार्थी की प्रत्यक्ष या परिणामी, हानि / चोट / दुर्घटना / नुकसान उठाने / होने के लिए जिम्मेदार / जवाबदेह नहीं होगा।

अभ्यार्थियों को ई कॉल लेटर में दिये गये अनुदेशों की अनुपालना करनी होगी। इसलिए अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ई कॉल लेटर में उल्लेखित अनुदेशों का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें। अभ्यार्थियों को आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ ई कॉल लेटर में दर्शाई गई मूल फोटो आईडी भी प्रस्तुत करनी होगी अन्यथा अभ्यार्थी को शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा।

अन्य नवीनतम सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी नियमित रूप से रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाइट www.rrcjaipur.in का अवलोकन करते रहें।

अध्यक्ष / रेलवे भर्ती कक्ष
उपरे, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

सांकेतिक सूचना

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरआरसी 01 / 2019

रेलवे भर्ती बोर्ड, अजमेर द्वारा केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना संख्या आरआरसी – 01 / 2019 में ऑनलाइन परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यार्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन दिनांक 16.01.2023 से 20.01.2023 तक एवं दिनांक 21.01.2023 (अनुपस्थित रहे उम्मीदवारों की) को, स्थान न्यू रेलवे स्टेडियम, कन्टेनर डिपो के पास, डीजल शैड रोड, जोधपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है। पीईटी हेतु पात्र सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह अपने ई–कॉल लेटर एवं पीईटी अनुदेश रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट **www.rrcjaipur.in** से डाउनलोड कर लें । **नोट**– उपरोक्त उल्लेखित दिनांकित के अतिरिक्ति, पीईटी के लिए कोई दोहराव / दूसरा अवसर / स्तर में छूट किसी भी परिस्थिति में नहीं दी जायेगी । इसी प्रकार स्थान या तिथि में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा। कृपया पीईटी के स्थान पर दिये गये समय / अनुसूची के अनुसार पंहुचे । रेलवे प्रशासन पीईटी के दौरान किसी प्रत्याशी की प्रत्यक्ष या परिणामी, हानि / चोट / नुकसान उठाने / होने के लिए जिम्मेदार / जबाबदेह नहीं होगा। इसलिए प्रत्याशियों को स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे स्वयं यह सुनिश्चित कर लें कि पीईटी के लिए वे शारीरिक / चिकित्सीय रूप से स्वस्थ.हैं।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर

/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 32-CQ/23

दैनिक भास्कर 12.01.2023